# राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, जयपुर

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
CIN No.U45201RJ2013SGC043014
756, पुलिस मुख्यालय, लालकोठी, जयपुर–302015 (राजस्थान)
फोन नं. 0141–2740784, ईमेलः– rpidcl@rajasthan.gov.in

क्रमांक : आरपीआईडीसीएल / 1495 / 1749-53 दिनांक : 08 / 07 / 2025

उपमहाप्रबंधक / सहायक महाप्रबंधक,
आरपीआईडीसीएल,
जयपुर / बीकानेर / कोटा / भरतपुर।

**विषय** :– आरपीआईडीसीएल में कार्यरत समस्त परियोजना अभियंता सिविल / इलैक्ट्रीकल इंजिनियर कार्मिकों द्वारा किए गए कार्यों की मासिक प्रगति रिपोर्ट भिजवाने बाबत्।

निर्देशानुसार आरपीआईडीसीएल द्वारा कराए जा रहे निर्माण / मरम्मत कार्यों को देखने में आया है कि संवेदकों द्वारा अनुबंध की समय सीमा में निर्माण / मरम्मत कार्य सम्पन्न नहीं होने के कारण लम्बित रहते है। जिसके कारण निगम में आए दिन शिकायतों का सामना करना पड़ता है। जो एक गंभीर विषय है। संवेदक के परियोजना अभियंताओं से कार्यस्थल पर निपुणता से कार्य लिया जाना संबंधित महाप्रबंधक एवं सहायक महाप्रबंधक की जिम्मेदारी होती है। संवेदकों द्वारा समय सीमा में निर्माण / मरम्मत कार्य नहीं किया जाना, भुगतान राशि के बिल लम्बे समय तक लम्बित रहना, कार्य की गुणवत्ता की शिकायत आना इत्यादि, आरपीआईडीसीएल के कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाहीं को दर्शाता है।

अतः समस्त उपमहाप्रबंधक एवं सहायक महाप्रबंधक, आरपीआईडीसीएल को निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीनस्थ कार्यरत समस्त परियोजना अभियंता (कनिष्ठ) सिविल / इलैक्ट्रीकल कार्मिकों की सेवाओं का निगम हित में नियमानुसार अधिकत्तम उपयोग लेवें एवं इनके कार्यों की विस्तृत मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में अधोहस्ताक्षरकर्ता को आवश्यक रूप से भिजवाने की व्यवस्था करें।

(सत्येन्द्र सिंह)
महाप्रबंधक
राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना,
विकास निगम लिमिटेड, जयपुर।

**प्रतिलिपि** : निजी सहायक, प्रबंध निदेशक, आरपीआईडीसीएल, राजस्थान, जयपुर को सूचनार्थ प्रेषित है।

महाप्रबंधक
राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना,
विकास निगम लिमिटेड, जयपुर।

D/Manisha/RPIDCL/Letters/42